Need to expedite the construction of North Koel Reservoir Project and provide compensation to the

people displaced due to the project ? laid

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) की परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 1972 में आरम्भ हुआ था जो 1993 तक जारी रहा परंतु 1993 के बाद कतिपय कारणों से उक्त परियोजना का कार्य बंद हो गया । वर्ष 2014 में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने 1622 करोड़ रूपये की लागत से इस परियोजना के "निर्माण की स्वीकृति प्रदान की । परियोजना का कार्य वाप्कोस कंपनी को मिला । माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने 5 जनवरी 2019 को उक्त परियोजना के निर्माण की आधारशिला पलामू जाकर रखी जिसके बाद पलामू प्रमंडल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिले की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना का निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की आस जगी है । परन्तु मुआवज़े और पुनर्वास की मांग को लेकर हुए आंदोलन एवं राज्य सरकारों की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है जिससे जनता के मन में तरह-तरह की भ्रांतियां फैल रही हैं । अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मुआवजे की राशि प्रदान कराते हुए उक्त परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने की कृपा की जाये ।